युद्ध अभ्यास 2024

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

हाल ही में राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में, **भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण "युद्ध अभ्यास 2024" का 20 वाँ संस्करण** शुरू हुआ।

- **यह युद्ध अभ्यास** वर्ष 2004 से प्रतिवर्ष भारत और अमेरिका के बीच बारी-बारी से आयोजित किया जाता रहा है।
- इस वर्ष का अभ्यास **अर्द्ध-रेगिस्तानी वातावरण में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर केंद्रित** है। इसका उद्देश्य **संयुक्त राष्ट्र (UN) चार्टर के अध्याय VII** के तहत संयुक्त सैन्य क्षमता और सहयोग को बढ़ाना है।
    - संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अध्याय VII सुरक्षा परिषद को प्रवर्तन कार्रवाई करने के लिये रूपरेखा प्रदान करता है, जिसमें शांति के लिये खतरों का निर्धारण करना तथा अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बनाए रखने या पुनर्स्थापित करने के लिये गैर-सैन्य एवं सैन्य उपाय करना शामिल है।
- **भारत-अमेरिका के बीच प्रमुख अभ्यास:** वज्र प्रहार (सेना), सालवेक्स (भारतीय नौसेना), कोप इंडिया **(वायु सेना)** और मालाबार अभ्यास (भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का चतुर्भुज नौसैनिक अभ्यास)।

स्रोत: भारत के प्रमुख सैन्य अभ्यास

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/exercise-yudh-abhyas-2024